

### एक नजर में

## 2 सितंबर को लाडली बहनें मनाएगी रक्षाबंधन

**महेश्वर।** महेश्वर के विधायक राजकुमार मेव की सैकड़ों बहने नगर के श्रीबढ़ दख्खन हनुमान मंदिर में बुधवार 2 सितंबर को विशाल रक्षाबंधन पर्व मनाएंगी। उक्त जानकारी कार्यक्रम की आयोजक बहन सिंधु जोशी ने दी। जोशी ने जानकारी देते हुए बताएं कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अष्टमी के पूर्व नगर के बढ दख्खन हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को सुबह 11 बजे से महेश्वर ब्लॉक की बहनों का रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान सैकड़ो बहने अपने भाई राजकुमार मेव को राखी बांधते हुए शुभकामनाएं देगी। विदित हो की विधायक राजकुमार में के नेतृत्व में महेश्वर विधानसभा के चार ब्लाकों में बहनों के द्वारा विशाल स्तर पर रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है इसी श्रृंखला में महेश्वर सबसे पहले रक्षाबंधन पर्व मनाया जाने की शुरुआत हो रही है जिसके बाद मंडलेश्वर, पिपलिया और करही मंडल में भी बहनों द्वारा रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। महेश्वर विधानसभा में लोकप्रिय विधायक राजकुमार मेव के द्वारा रक्षाबंधन पर मनाए जाने की यह दसवें वर्ष की परंपरा है और प्रतिवर्ष यह परंपरा बहुगुणा बढ़ती ही जा रही है। श्रीमती सिंधु जोशी ने जानकारी देते हैं बताया कि महेश्वर क्षेत्र की सैकड़ों बहनें भाई राजकुमार मेव विधायक को राखी बांधकर बहुत खुश होती है, इसलिए वह इस त्यौहार को प्रतिवर्ष उत्साह के साथ मनाती हैं। हम सभी बहनों को रक्षाबंधन के इस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता हैं। इस दिन हम सभी बहनें मिलकर खुशी-खुशी भाई राजकुमार मेंव को अपने हाथों से राखी बांधकर शुभकामनाएं प्रेषित करती है साथ ही राजकुमार भाई भी हम सभी को अपने परिवार की बहनों की तरह स्नेह वह उपहार देते हैं। श्रीमती सिंधु जोशी ने महेश्वर ब्लॉक की समस्त महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि इस रक्षाबंधन पर्व में शामिल हो। रक्षाबंधन के पवित्र और पावन त्यौहार पर बहने अपने भाई को स्नेह की डोर से बांधते हुए अपनी रक्षा का वचन लेती है इस अवसर पर बहने भाई को नारियल और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करती है। कार्यक्रम आयोजक श्रीमती सिंधु जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाई विधायक राजकुमार मेव ने सभी बहनों से आग्रह किया है कि बहने सिर्फ राखी लेकर आवे मिठाई और नारियल हमारे पास उपलब्ध रहेंगे लेकिन इस रक्षाबंधन पर्व में आप जरूर आए।

## प्रियंका गुप्ता को ने यूजीसी नीट में सफलता

**भीकनगांव।** बमनाला निवासी और देवेंद्र गुप्ता की बेटी प्रियंका गुप्ता ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रियंका ने यूजीसी नीट



जून 2026 की परीक्षा कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विषय से क्वालीफाई की है। इससे पहले वह एमपीसेट 2025 भी सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर चुकी हैं। आधिकारिक स्कोरकार्ड के अनुसार प्रियंका ने 300 में से 176 अंक प्राप्त कर 95.5520129 परसेंटाइल हासिल की। उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी में प्रवेश के लिए योग्य घोषित किया गया है। यूजीसी नीट का परिणाम 28 अगस्त 2026 को जारी किया गया। प्रियंका की सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पिता देवेंद्र गुप्ता ने बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि प्रियंका ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। प्रियंका का लक्ष्य पीएचडी पूरी कर सरकारी महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनना और विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर मार्गदर्शन देना है। प्रियंका ने बीएससी (कंप्यूटर साइंस) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन से 81 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद एमएससी (कंप्यूटर साइंस) शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर से 87 प्रतिशत अंकों के साथ पूरी कर यहां भी प्रथम रहीं। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ गांव और छोटे शहरों से भी बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं।

# भक्तिरस और आस्था से सराबोर शिवडोले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**झांकियों में भक्तों ने किए भारत दर्शन, नृत्य में दिखी लोक संस्कृति की झलक**





**खरगोन।** भादौ दूज पर बुधवार को शहर के जमींदार मोहल्ला क्षेत्र में स्थापित अधिष्ठाता देव भगवान श्री सिद्धनाथ का राजसी डोला लाव.लश्कर के साथ नगर भ्रमण पर निकला। भगवान श्री सिद्धनाथ जिस-जिस मार्ग से गुजरा रास्ते में उनके दर्शन के लिए श्रद्धालू लालायित दिखाई दिए। श्री सिद्धनाथ की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालू आतुर रहे। भगवान श्री सिद्धनाथ जब प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले तो उनके आगे-आगे झिलमिलाती झाकिंयो, स्वांग दल, भूत-पिशाच मंडली, लोकनृत्य दल, भजन मंडलियां, अखाड़ा के कलाकार उनकी अगुवानी करते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण का यह 58 वां वर्ष है, जमींदार मोहल्ला से सुबह करीब 10.30 बजे शुरु हुआ शिवडोले को महज 4 किमी लंबे मार्ग पर भ्रमण में करीब 16 घंटे लगे। शिवडोले का मुख्य आकर्षण भारत दर्शन था, जिसमें देश की विविध लोक संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं की झलक झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा में शामिल विभिन्न झांकियों ने भारत के अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक पहचान को बखूबी दर्शाया। राजस्थानी घूमर, पंजाबी भांगड़ा और गुजराती गरबा जैसे लोकनृत्यों का प्रदर्शन करते लोकनृत्य दल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थें। इसके अतिरिक्त, भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की प्रतिकृतियां भी शोभायात्रा का हिस्सा थीं, जिससे उपस्थित जनसमुदाय को पूरे देश की संस्कृति और विरासत का अनुभव हुआ। शिवडोले में 2 लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। यह आयोजन एकता और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बन गया, जिससे लोगों को भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करने का अवसर मिला। सुबह 9 बजे गर्भगृह में आरती हुई। इसके बाद श्रृंगारित नये रथ में भगवान सिद्धनाथ और भगवान महाबलेश्वर महादेव को विराजित किया गया। भगवान की विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा एवं शिवडोला समिति पदाधिकारियों ने आरती की, इसके बाद रथ में विराजित किया गया। यहां पालकी के आगे चल रहे रूद्राक्ष मित्र मंडल के 21 नगाड़ों, झांझ, मंजिरा, शंखनाद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भगवान सिद्धनाथ और महाबलेश्वर महादेव की मुख्य झांकी शाम करीब 4 बजे बावड़ी बस स्टेंड पहुंची, जबकि शिवडोले में शामिल अखाड़ो, झांकियों आदि का कारवां 2 किमी दूर गायत्री मंदिर पहुंच गया था। बस स्टेंड से बावड़ी बस स्टैंड तक समूचा मार्ग शिवभक्तों से पटा नजर आया।

यहां भक्तों का अद्भुत समागम देखने को मिला, चहुंओर केवल शिवभक्त और शिवडोले में शामिल झांकियां, लोकनृत्य दल, अखाड़े कलाकार ही दिखाई दे रहे थे।

## मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर सुरमई ग्रुप ने दी स्वरांजलि

**खरगोन।** आवाज की दुनिया के सुकुमार के नाम से प्रसिद्ध महान पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर शहर के सुरमई ग्रुप द्वारा शुक्रवार को तरु कैफे में सुरमई स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने मुकेश के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जाने कहां गए वो दिन, एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल, कहीं दूर जब दिन ढल जाए, कभी कभी मेरे दिल में और चांद सी महबूबा हो मेरी.. जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को मुकेश के स्वर्णिम दौर की याद दिला दी।



सुरमई ग्रुप के कलाकार रेखा कंसारे, मधुलिका गावशिंदे, मोहन गावशिंदे, श्याम महाजन, किशोर रघुवंशी, अनिरुद्ध यादव, सुनील दसौंधी, नंदकिशोर कोठे, बिट्टू भाटिया, महिपाल सिंह मंडलोई, विवेक मिश्रा और प्रवीण चौधरी ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। कलाकारों ने मुकेश के गीतों को अपनी आवाज में प्रस्तुत कर उनके संगीत योगदान को याद किया। इस पहल ने नई पीढ़ी को भी मुकेश के अमर गीतों और उनकी विशिष्ट गायकी से जोडने् का प्रयास किया।

## जनसहयोग से निकाली पैदल ध्वज यात्रा

**बड़वाह।** संत गोपालदास जी महाराज की पवित्र तपोभूमि ग्राम बाड़ीखार से बीड़ के निकट स्थित सिंगाजी महाराज की समाधि के दर्शन के लिए दो दिवसीय विशाल पैदल ध्वज यात्रा सरपंच अमित यादव एवं संजय डामल के नेतृत्व में ग्रामीणजन के जनसहयोग निकाली गई।यात्रा का नर्मदा रोड पर श्याम रावत मित्र मंडल द्वारा पुष्पवर्षाकर उनकी अगवानी की। श्रद्धालुओं के द्वारा सिंगाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए नजर आये। निशान यात्रा संयोजक अमित यादव ने बताया कि संत गोपालदास जी महाराज की पवित्र तपोभूमि ग्राम बाड़ीखार से संत सिंगाजी की समाधि स्थल तक दो दिवसीय निशान यात्रा में पैदल चल रहे श्रद्धालुओं के द्वारा भजन कीर्तन गीत गाते हुए नजर आ रहे है।31 अगस्त सोमवार को समाधि, अखंड ज्योत और चरण पादुका के दर्शन किए जायेंगे।इस अवसर पर एन एस पवार करण तवर दीपक बामनिया संजू बामनिया ऋषभ वर्मा संजय रावत ओम प्रकाश रावत सहित अन्य सदस्यों के द्वारा पुष्पवर्षा कर आगवानी की।



## टीना वर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा में 91 पर्सेंटाइल के साथ पाई सफलता

**खरगोन।** हाल ही घोषित हुए यूजीसी नेट परीक्षा 2026 के परिणाम में खरगोन जिले की टीना वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। उन्होंने ओबीसी वर्ग में 91 पर्सेंटाइल के साथ परीक्षा उत्तीण की। यह परीक्षा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए पात्रता और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए आयोजित की जाती है, जो शोध और शिक्षण के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। टीना ने अपनी



इस सफलता को कठिन परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच स्वाध्याय के माध्यम से निरंतर तैयारी का परिणाम बताया है। उनके लिए यह राह आसान नहीं थी। पिछले प्रयास में विफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। दृढ़ इच्छाशक्ति, धैर्य और निरंतर प्रयासों के साथ उन्होंने दोबारा तैयारी की और इस बार सफलता हासिल की। टीना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार के सहयोग और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है।

**एक नजर** | **गांगलेश्वर में हुआ श्रावण मास का समापन पाठ**

## सुंदरकांड की चौपाइयों से गूंजा गांगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर

**कसरावद।** पहाड़ी पर स्थित अति प्राचीन श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर शनिवार रात सुंदरकांड की सुमधुर चौपाइयों से गूंज उठा। श्री चिंतामणी सुंदरकांड भजन मंडल के सदस्यों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर भगवान शिव और श्रीराम जी की आराधना की। पाठ के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

मंडल के वरिष्ठ सदस्य शंकरराव सराफ एवं अध्यक्ष राकेश राठौड़ ने बताया कि श्री चिंतामणी सुंदरकांड भजन मंडल पिछले 21 वर्षों से निरंतर सुंदरकांड पाठ के माध्यम से धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर रहा है। श्रावण मास के दौरान मंडल के सदस्यों ने नर्मदा तट स्थित विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव की आराधना के साथ सुंदरकांड पाठ किया। श्रृंखला का समापन पाठ श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर में किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद आरती की गई। महाप्रसादी का वितरण किया गया तथा स्वल्पाहार भी कराया गया। आयोजन में श्री चिंतामणी सुंदरकांड भजन मंडल के सदस्यों के साथ श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पाठ के दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



# खंडवा

### एक नजर में

## वॉकथान में जागरूकता रैली निकाली



**ओंकारेश्वर।** राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अंतर्गत ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ऊर्जा विहार परिसर स्थित प्रशासनिक भवन से कार्यपालक क्लब तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' के नारे लगाकर खेलों के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। इस अवसर पर ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख श्री डी.के. द्विवेदी ने कहा कि वॉकथॉन का उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं सहित सभी वर्गों को खेलकूद में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। परियोजना प्रमुख महोदय ने बताया कि ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के कार्मिक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इनमें दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, क्रिकेट, शतरंज एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इन प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के कार्मिक समान उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सहभागिता कर रहे हैं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने एनएचडीसी द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता के लिए सभी संभावित प्रतिभागियों को अभी से नियमित अभ्यास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन और कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाएं। श्री द्विवेदी ने कार्मिकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने व्यस्त कार्य-दायित्वों के बीच खेल के लिए समय निकालें, सहकर्मियों को खेलों के लिए प्रेरित करें.

## नए जिला पंचायत सीईओ ऐश्वर्या वर्मा ने पदभार किया ग्रहण, संभाली कमान

**खंडवा.** जिला पंचायत खंडवा के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में आईएएस ऐश्वर्या वर्मा (2022 बैच) ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा से विधिवत कार्यभार संभाला।

वर्मा इसके पूर्व डिंडौरी जिले के शहपुरा में एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। पदभार संभालने के बाद उन्होंने तत्काल कार्यालय का भ्रमण कर सभी अनुभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## ब्रह्मपुरी घाट पर नहाते समय गहरे पानी में डूबा युवक, मौत



**ओंकारेश्वर।** ब्रह्मपुरी घाट पर रविवार को नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की

**पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया**

पहचान गोविंद पिता रामचंद्र सैनी, निवासी उत्तराखंड के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सिविल अस्पताल मांधाता ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस और परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को एंबुलेंस से अपने साथ ले गए।

## गीता सोनी स्मृति सम्मान समारोह में साहित्य की बही रसधार

**खंडवा.** कवि कला संगम और पेंशनर वेलफेयर एसो.के साझा आयोजन में इंदौर रोड़,सन्मति नगर में 'गीता सोनी स्मृति सम्मान' समारोह एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथिद्वय विजय- मुजाल्दे गजलकार खरगोन एवं श्रीमती

राजमाला आर्य रही। विशिष्ट अतिथि राजेश आर्य, अंशु सन्दीप सोनी, सेंधवा, जयश्री तिवारी, श्री तारकेश्वर चौरे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर एसो.के अध्यक्ष श्री अरुण सोनी ने की। अतिथियो का स्वागत कुंकु से तिलक लगाकर डा.विभा सोनी, श्री श्याम सोनी, श्री सन्दीप सोनी एवं कु. शिवि सोनी ने किया। पश्चात





ककस के संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु ने कहा कि आज गीता सोनी स्मृति सम्मान 'राजमाला आर्य ,कवयित्री एवं समाज सेवक को प्रदान किया। साथ ही गजलकार विजय मुजाल्दे खरगोन एवं अंशु सन्दीप सोनी उभरती कवयित्री का भी सम्मान पत्र,शाल ,श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया इस हेतु ककस संस्था एवं अतिथि अपने आपको गौरान्वित महसूस कर रहे है। राजमाला आर्य ने अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में कहा कि साहित्य,कला, में गहन रुचि रखने वाली शिक्षिका 'गीता सोनी स्मृति सम्मान' पा कर अभिभूत हूं। उन्होंने अपनी मार्मिक रचना सुना कर माहौल करुणामयी कर दिया।

खरगोन के विजय मुजाल्दे ने कहा मुझ जैसे अदने से गजलकार को सम्मान देने के लिए ककस का आभारी हूं।इस अवसर पर उन्होंने अपनी श्रेष्ठ चार पांच ग़ज़ल सुनाई उभरती कवयित्री श्रीमती अंशु सन्दीप सोनी सेंधवा ने शानदार कविता एवं गजलों से समा बांधा.

**एक नजर में** | **बच्चों के उपचार और मरीजों की सुविधाओं को लेकर दिए जरूरी निर्देश**

## विधायक, महापौर और कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा.** विधायक कंचन तन्वे, महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव और कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने रविवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खंडवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां भर्ती बच्चों के परिजनों से सीधे चर्चा कर फीडबैक लिया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कुपोषण मिटाने के लिए घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने इस अवसर पर अस्पताल के स्टाफ को मरीजों के परिजनों से अच्छा व्यवहार करने की समझाइश दी।



इस दौरान महापौर श्रीमती यादव ने कहा कि इलाज के लिए दूर-दूर से लोग खंडवा के जिला अस्पताल में आते हैं। लोग भगवान के बाद डॉक्टर को ही जीवन रक्षक मानते हैं। अतः डॉक्टर का भी कर्तव्य है कि मरीज का बेहतर उपचार करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं से डॉक्टर और स्वास्थ्य कार्यकर्ता अच्छा व्यवहार करें और उन्हें जिला अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं।